दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 10 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-43

## पाकिस्तान और चीन के बीच शुरू हो गई बस सेवा, भारत ने जताई थी आपत्ति



पाकिस्तान और चीन एक बार फिर और करीब आए हैं. चीन द्वारा पाकिस्तान को हर संभव मदद मुहैया कराने के बीच हो दोनों देशों के बीच अब बस सेवा भी शुरू हो गई है. यह बस सेवा पाकिस्तान के लाहौर से चीन के काशगर तक के लिए है. बता दें कि भारत ने इस पर कई बार आपत्ति जताई थी. लेकिन इसकी अनदेखी करते हुए पाकिस्तान और चीन ने गुलाम कश्मीर के रास्ते बस सेवा की शुरुआत कर दी. यह बस अपने पहले सफर पर 5 नवंबर की रात को रवाना भी हो चुकी है.

बताया जा रहा है कि 60 अरब डॉलर के महत्वाकांक्षी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) के तहत सड़क संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से यह बस सेवा शुरू की गई है. हालांकि भारत ने गुलाम कश्मीर के रास्ते बस सेवा शुरू करने पर चीन और पाकिस्तान से कड़ी आपत्ति जताई थी. इसके बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने बस सेवा का बचाव करते हुए कहा था कि इस्लामाबाद के साथ उसके सहयोग का क्षेत्रीय विवाद से कोई लेना-देना नहीं है.चीन ने इस पर यह भी स्पष्ट किया था कि इस बस सेवा के शुरू होने से कश्मीर पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आएगा. पाकिस्तान ने भारत की आपत्ति को खारिज कर दिया था. दोनों देशों के बीच 2015 में सीपीईसी योजना शुरू हुई थी. इसके तहत दोनों देशों के बीच सड़क और रेल संपर्क स्थापित करना भी शामिल है.बता दें कि बस के लाहौर से काशगर पहुंचने में 36 घंटे लगेंगे. लाहौर से यह बस शनिवार, रविवार, सोमवार और मंगलवार को चलेगी. जबकि काशगर से यह बस मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को रवाना होगी. एक तरफ से भाड़ा 13000 रुपये है, जबकि एक साथ आने-जाने का टिकट लेने पर 23,000 रुपये लगेंगे.

## पुलवामा में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

### सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता



श्रीनगर ,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां के तिकून में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। इससे पहले शुक्रवार शाम भी पुलवामा के ही त्राल गांव में सुरक्षाबलों ने एक जैश आतंकी को मार गिराया था। आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

साउथ कश्मीर के तिकून गांव में शनिवार सुबह जवानों ने आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद घेराबंदी की थी। दोनों ओर से फायरिंग शुरू होने के बाद मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को दो आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है।

आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद भी हुए हैं। इससे पहले त्राल में भी एक आतंकी को ढेर किया गया था। बता दें, शुक्रवार को सुरक्षाबलों द्वारा त्राल इलाके के घेरने व तलाशी अभियान शुरू करने के दौरान आतंकवादियों द्वारा गोलीबारी करने पर मुठभेड़ शुरू हुई थी। इस मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी ढेर किया गया था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) और सीआरपीएफ इस मुठभेड़ में शामिल थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नशे में धुत लड़की ने तीन कारों को मारी टक्कर, 1 महिला की मौत, 2 घायल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। देश की राजधानी दिल्ली में तेज रफ्तार का कहर उस समय देखने को मिला जब एक तेज रफ्तार कार सवार लड़की ने तीन गाड़ियों की टक्कर मार दी। यह घटना पंजाबी बाग के फ्लाईओवर पर हुई।

इस दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत दो लोग घायल हो गए है। हादसे में कार भी बुरी क्षतिग्रस्त हो गई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

पुलिस की प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह पूरा हादसा नशे में धुत एक लड़की की वजह से हुआ। वह नशे में कार चला रही थी और तीन अन्य कारों को ठोक दिया जिसके बाद इतना बड़ा हादसा हो गया।

### सीएम केजरीवाल परिवार के साथ दुबई रवाना

**बीजेपी ने साधा निशाना**

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शुक्रवार रात अपने परिवार के साथ दुबई के लिए रवाना हुए हैं। यह खबर सामने आते ही बीजेपी ने उनपर निशाना साधा है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि जब प्रदूषण से दिल्ली की सांसें थमी हुई हैं तो केजरीवाल सपरिवार दुबई में हैं।

मनोज तिवारी ने शुक्रवार रात ट्वीट किया, मैं बोलूंगा तो बोलोगे कि बोलता है। अरविंद केजरीवाल जी यह सही नहीं है। दिल्ली आंखों से बिलख रही है, सांसें थमी पड़ी हैं, पर आप सपरिवार दुबई उड़ लिए। चंदे के नाम पर काले को सफेद करने की सिग्नेचर डील चल रही है। जनता माफ नहीं करेगी।

उल्लेखनीय है कि पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा में पराली जलाए जाने के कारण दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर पहुंच गई है। मौसम विशेषज्ञों ने शनिवार से स्थिति और खराब होने की आशंका जताई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक के मुताबिक, शनिवार सुबह पीएम2.5 407 (गंभीर) और पीएम10 277 (मध्यम) दर्ज किया गया। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में कई लोग सीएम पर आरोप लगा रहे हैं कि वह प्रदूषण से लड़ने के लिए कुछ नहीं कर रहे।

### पकड़े गए दो आईएसआई एजेंट, तीन और की तलाश जारी

नागपुर ,(आरएनएस)। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के दो संदिग्ध एजेंट्स को नागपुर के भालदारपुर से गिरफ्तार किया गया है. मुंबई पुलिस की स्पेशल सेल और नागपुर पुलिस की एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में इन दो एजेंट्स को गिरफ्तार किया गया है. वहीं इंटेलिजेंस इनपुट के मुताबिक अभी भी तीन एजेंट इलाके में सक्रिय हैं और उनकी तलाश शुरू हो गई है. रिपोर्ट के अनुसार ये दोनों संदिग्ध शहर में पिछले कुछ दिनों से रह रहे थे. उनके घर से बरामद चीजों की जांच की जा रही है. ये कार्रवाई सेना की खुफिया विभाग से मिली जानकारी के आधार पर की गई है. मिली जानकारी के मुताबिक आईएसआई के ये एजेंट शहर में रहकर आतंकियों का स्लीपर सेल तैयार कर रहे थे.इससे पहले अक्टूबर में यूपी एटीएस और महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अक्टूबर में नागपुर की ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट से एक इंजीनियर निशांत अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया था. निशांत अग्रवाल फेसबुक पर 'नेहा शर्मा' और 'पूजा रंजन' नाम से चल रहे दो फर्जी एकाउंट के जरिये पाकिस्तान के संदिग्ध खुफिया सदस्यों से संपर्क में था.

## पीएम मोदी ने वीडियो जारी कर देश विदेश में भेजा कुंभ में शिरकत करने न्यौता




प्रयागराज ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो जारी करके दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन कुंभ 2019 में शिरकत करने का न्यौता भेजा है।

उप निदेशक सूचना संजय राय ने शनिवार को यहां बताया कि भव्य और दिव्य कुंभ आयोजन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे जनता से मुखातिब हो रहे हैं। वीडियो जारीकर देश विदेश के लोगों को प्रयागराज में आयोजित कुंभ 2019 में शामिल होने का न्यौता भेज रहे है। सूचना विभाग की ओर से जारी वीडियो में प्रधानमंत्री कुंभ के वैभव का गुणगान कर रहे हैं। लगभग डेढ़ मिनट के वीडियो में प्रधानमंत्री वर्ष 2019 के कुंभ के भव्य आयोजन के बारे में बताते हुए देश विदेश के लोगों को इसमें शामिल होने की अपील कर रहे हैं। सूचना विभाग ने कुंभ मेला क्षेत्र स्थित प्रशासन कार्यालय में लगे डिजिटल साइनेज में इस वीडियो का प्रसारण शुरू कर दिया है। उप निदेशक ने बताया कि मेला क्षेत्र में लगभग सौ साइनेज लगाए जाएंगे। सभी में प्रधानमंत्री की वीडियो क्लिप दिखाई जाएगी।

प्रधानमंत्री का वीडियो न्यूज चैनलों पर भी प्रसारित होगा। इसके अलावा विभिन्न सरकारी वेबसाइट पर भी इसे अपलोड किया जाएगा। यही नहीं विभिन्न रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों पर लगे डिजिटल साइनेज पर भी प्रदर्शित कराया जाएगा।

## सिग्नेचर ब्रिज विवाद मामले में 3 एफआईआर दर्ज

### मनोज तिवारी और आप विधायक का नाम भी शामिल




नईदिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज उद्घाटन समारोह के दौरान आम आदमी पार्टी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच हुई कथित मारपीट मामले में तीन नए एफआईआर दर्ज हुए हैं. इस मामले में वी एन झा बीजेपी कार्यकर्ता की शिकायत पर आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान और संजीव झा के खिलाफ केस दर्ज हुआ है.

तीनो एफआईआर नार्थ ईस्ट जिले से क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर हुई थी. तीनो मामले की जांच फिलहाल क्राइम ब्रांच कर रही है.

आम आदमी पार्टी के एक कार्यकर्ता के एफआईआर में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी का नाम भी दर्ज हुआ है. इस केस की जांच की जिम्मेदारी क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है.

दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज के उद्घाटन समारोह के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं का वीडियो वायरल हुआ था. उद्घाटन स्थल पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी और आप विधायक अमानतुल्लाह खान के बीच कहासुनी के साथ धक्का-मुक्की भी हुई थी. इस दौरान बीजेपी और आप के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी भी की थी

मारपीट मामले की जांच की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है.

### झुग्गी बस्ती में लगी आग, 100 से ज्यादा घर जलकर राख


नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की राजधानी सेक्टर 26 में एक झुग्गी बस्ती में आग लग गई। यह आग देर रात लगी। गनिमत यह रही कि इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक 100 से 150 घर जल कर राख हो चुके थे। बताया जा रहा है कि किसी विवाद के कारण यह आग लगी लेकिन अभी तक आग लगने का स्पष्ट कारण नहीं पता चल सका है। इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ है, सभी सुरक्षित है।

### उड़ान के 15 मिनट बाद विमान से निकलने लगा धुआं

**करानी पड़ी आपात लैंडिंग**

कोलकाता,(आरएनएस)। कोलकाता से गुवाहाटी के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद इंडिगो विमान बड़े हादसे का शिकार होने से बच गया। उड़ान भरने के 15 मिनट बाद ही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में अचानक धुआ निकलने लगा। जिस कारण विमान की आपात लैंडिंग करानी पड़ी। इंडिगो की फ्लाइट में 76 लोग सवार थे और विमान के उड़ान भरने के तुरंत बाद कारगो एरिया से धुआं निकलने के कारण कॉकपिट का स्मोक अलार्म बजने लगा। जिससे फ्लाइट की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अथारिटी ने बताया कि विमान ने 8:30 बजे उड़ान भरी थी और लगभग 15 मिनट बाद ही उसे लैंड करना पड़ा।

## विपक्ष के भारी विरोध के बीच सरकार मना रही टीपू जयंती



बेंगलुरु ,(आरएनएस)। कर्नाटक में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के भारी विरोध प्रदर्शन के बीच सत्तारूढ़ जेडीएस-कांग्रेस सरकार शनिवार को टीपू जयंती मना रही है। उधर, जयंती समारोहों के खिलाफ सूबे में भारी विरोध शुरू हो गया है। प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए हैं। पुलिस ने बीजेपी के कई नेताओं को हिरासत में लिया है। उधर, भारी विरोध और प्रदर्शन के बीच आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। प्रदर्शन को देखते हुए सड़कों पर गाड़ियां नहीं चल रही हैं। लोग जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं, ऐसे में कई जगहों पर सड़कों पर सन्नाटा भी पसरा है। कोडागु और विराजपत सहित कई इलाके प्रभावित हैं।

कर्नाटक के मडिकेरी में टीपू जयंती समारोह का विरोध कर रहे कई लोगों को पुलिस ने आज सुबह हिरासत में ले लिया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने टीपू जयंती के विरोध में डेप्युटी कमिश्नर के ऑफिस में नारेबाजी भी की। मांड्या में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने टीपू जयंती के विरोध में काला दिवस मनाया है। इस बीच कर्नाटक के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजे जमीर अहमद खान ने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात की है। कोडागु पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे बीजेपी एमएलए और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केजी बोपैया को हिरासत में ले लिया। कोडागु में बीजेपी के प्रदर्शन के कारण आम जनजीवन ठप हो गया है।

## स्टेच्यू ऑफ यूनिटी को देखने उमड़ी 32 हजार लोगों की भारी भीड़

### पुलिस ने उठाया बड़ा कदम



केवडिया,10 नवंबर (आरएनएस)। गुजरात में नर्मदा जिले के केवडिया के निकट साधु बेट पर स्थापित दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति स्टेच्यू ऑफ यूनिटी को देखने के लिए अब भारी भीड़ उमड़ रही है। करीब तीन हजार करोड़ की लागत से बनी 182 मीटर ऊंची सरदार वल्लभभाई पटेल की इस मूर्ति का अनावरण गत 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसने चीन के स्प्रिंगफील्ड बुद्धा की 153मीटर ऊंची मूर्ति को पछाड़ते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति होने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। पिछले दो दिन में ही इस विशालकाय मूर्ति को देखने 32 हजार लोग आये हैं। भारी भीड़ के कारण आज तो टिकट बिक्री बीच में ही बंद करनी पड़ी। सरदार सरोवर निगम के मुख्य अभियंता पार्थिव सी व्यास ने बताया कि कल लगभग 17000 लोग आये थे और मूर्ति के हृदयस्थल के निकट से बाहर का नजारा देखने के लिए बनी व्यूइंग गैलरी तक अधिकतम 5000 लोगों की क्षमता से भी अधिक करीब सात हजार लोगों को ले जाया गया। आज सुबह के कुछ ही घंटों में 15000 से अधिक की भीड़ जुट जाने से टिकट खिड़की बंद करनी पड़ी तथा पुलिस को भी तैनात करना पड़ा।

ज्ञातव्य है कि इस मूर्ति को देखने के लिए केवडिया से विशेष बसे चलायी जा रही है जो 30 रूपये प्रति यात्री लेकर उन्हे मूर्ति समेत नौ स्थानों वाले 19 किमी लंबे मार्ग से वापस यहीं लाती हैं। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर जहां एकता की दीवार और संग्रहालय आदि भी हैं में प्रति व्यस्क 350 रूपये की टिकट है। अगर व्यूइंग गैलरी तक नहीं जाना हो तो 120 रूपये और 60 रूपये के टिकट हैं। पर्यटकों की भारी भीड़ के चलते यहां विशेष यातायात व्यवस्था भी लागू की गयी है ।

### चुनाव से ठीक पहले हटाए गए मिजोरम के चीफ इलेक्शन ऑफिसर

नईदिल्ली,(आरएनएस)। चुनाव आयोग ने मिजोरम के मुख्य चुनाव अधिकारी एसबी शशांक को हटाने का फैसला किया है. मिजोरम में लंबे समय से शशांक को हटाने की मांग चल रही थी. राजधानी आइजवाल समेत कई शहरों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था. बता दें कि 40 सीटों वाली मिजोरम विधानसभा के लिए इसी महीने की 28 तारीख को वोटिंग होनी है.

निर्वाचन अधिकारी को हटाने की मांग के बीच चुनाव उपायुक्त की टीम जांच के लिए मिजोरम पहुंची थी. उनकी रिपोर्ट के बाद आयोग ने निर्वाचन अधिकारी को बदलना का फैसला किया है. इसके साथ ही चुनाव आयोग ने नये मुख्य चुनाव अधिकारी के लिये मिजोरम के मुख्य सचिव से नया पैनल मांगा है. मिजोरम की सिविल सोसायटी के लोगों ने चुनाव अधिकारी एसबी शशांक को हटाने और त्रिपुरा में शरणार्थी ब्रू समुदाय के लोगों को मिजोरम की सीमा में मतदान करने देने की मांग की थी. चुनाव आयोग ने दोनों मांगें स्वीकार कर ली है।

### तालमेल बढ़ाने सीबीआई अधिकारियों ने आर्ट ऑफ लिविंग वर्कशॉप में हिस्सा लिया




नई दिल्ली ,(आरएनएस)। सीबीआई के अधिकारी एजेंसी के दिल्ली स्थित मुख्यालय में शनिवार को श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग की सिनर्जी वर्कशॉप में शामिल हुए। वर्कशॉप एजेंसी के अधिकारियों को स्वस्थ्य माहौल बनाकर काम करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। दरअसल, विवादों में घिरे जांच एजेंसी ने अपने एक बयान में कहा था कि तालमेल बढ़ाने और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए तीन दिन की वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। वर्कशॉप 10,11 और 12 नवंबर को आयजित की जा रही है। इसमें 150 से ज्यादा अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें इंस्पेक्टर से लेकर इनचार्ज डायरेक्टर सीबीआई तक शामिल होंगे।